गुरुवार
2 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

वर्ष 2, अंक 58 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## पर्व-त्योहारों को लेकर प्रशासन सख्त, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण पर विशेष जोर




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी चैत्र पूर्णिमा, गुड फ्राइडे, जानकी नवमी, बुद्ध पूर्णिमा समेत अन्य पर्व-त्योहारों एवं धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान भीड़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन को लेकर बुधवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए।

जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि किसी भी आयोजन में जन-सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में संभावित भीड़भाड़ वाले स्थलों की पहचान कर अग्रिम रूप से विधि-व्यवस्था की पुख्ता तैयारी सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक माह संभावित आयोजनों का इवेंट कैलेंडर तैयार कर भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम के आयोजन से पहले आयोजकों को प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय बैठक करना अनिवार्य होगा तथा सक्षम प्राधिकार से लिखित अनुमति लेना जरूरी होगा। आयोजन स्थल की क्षमता के अनुसार ही लोगों की संख्या तय की जाएगी। साथ ही सुरक्षा ऑडिट, पर्याप्त बैरिकेडिंग, अलग प्रवेश और निकास द्वार, आपातकालीन निकासी मार्ग, एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन और मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि सभी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी तथा सुचारू यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल को सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया।

## नूरसराय छेड़खानी वीडियो वायरल कांड में छह आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता के साथ भीड़ के सामने छेड़खानी और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस घटना को लेकर इलाके में काफी आक्रोश और तनाव का माहौल बना हुआ है।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि 26 मार्च को गांव की एक विवाहिता के साथ कुछ लोगों ने भीड़ के सामने छेड़खानी की थी। इस संबंध में पीड़िता ने 27 मार्च को नूरसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हालांकि 30 मार्च को आरोपियों द्वारा इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की।

उन्होंने बताया कि इस मामले में पहले से नामजद तीन आरोपियों में से दो, अशोक यादव और मतलु महतो को 30 मार्च को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं वीडियो बनाने और उसे वायरल करने में संलिप्त छह अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गांव के ही रंजन कुमार, सचिन कुमार, दशरथ चौधरी, शैलेश कुमार, डोमन पासवान और सोनू कुमार शामिल हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भरत सोनी भी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। गांव की गतिविधियों पर पुलिस की लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। ऐसे घिनौने कृत्य करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

## अंधाधुंध रासायनिक खाद से मिट्टी कमजोर, संतुलित पोषण से टिकाऊ खेती संभव:डॉ रणधीर कुमार



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नालंदा उद्यान महाविद्यालय नूरसराय में बुधवार को "समेकित पोषक तत्व प्रबंधन" विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ रणधीर कुमार, कृषि वैज्ञानिक डॉ आजाद, वरीय कृषि वैज्ञानिक एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ विनोद कुमार, डॉ संतोष चौधरी तथा डॉ सोलंकी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण में नालंदा, जहानाबाद, औरंगाबाद, वैशाली, गया तथा पटना जिलों के लगभग तीस इनपुट डीलर भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रणधीर कुमार ने कहा कि आज कई किसान खेतों में अंधाधुंध रासायनिक खाद का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता लगातार घटती जा रही है। उन्होंने किसानों को संतुलित मात्रा में खाद के उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि मिट्टी को सुरक्षित रखने के लिए तरल खाद, नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मूंग जैसी दलहनी फसलों की खेती करने से मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होती है तथा खेतों में फसल अवशेष जलाने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे मिट्टी के लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं।

कृषि वैज्ञानिक डॉ आजाद ने कहा कि किसानों को पारंपरिक और जैविक खेती की पद्धति अपनानी चाहिए, जिससे लागत कम होगी और मुनाफा अधिक मिलेगा। वहीं डॉ संतोष चौधरी ने इनपुट डीलरों से अपील करते हुए कहा कि वे किसानों को खाद के सही उपयोग और उचित मात्रा की जानकारी दें, क्योंकि किसान सबसे पहले दुकानदार से ही सलाह लेते हैं।

कार्यक्रम में वरीय कृषि वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार ने किसानों को फसलों की आवश्यकता के अनुसार पोषक तत्वों के उपयोग की सलाह देते हुए खेती को व्यवसाय के रूप में अपनाने पर बल दिया। इस मौके पर डॉ अजीत कुमार, डॉ आनंद, डॉ प्रेरणा, डॉ मंडल सहित कई कृषि विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## मधड़ा दुर्घटना मामले में चार आरोपी गिरफ्तार, किशोरी की तलाश में जुटी पुलिस

अखिलेंद्र कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। दीपनगर थाना क्षेत्र में 31 मार्च 2026 को हुई दुर्घटना के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में दीपनगर थाना कांड संख्या 159/26 दिनांक 31.03.2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 एवं 3(5) के अंतर्गत कुल 20 नामजद तथा अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है।

पुलिस के अनुसार मामले में नामजद अभियुक्त अनुज कुमार, अवधेश कुमार मिश्रा, विवेकानंद पांडेय तथा निरंजन कुमार पांडेय को अनुसंधान के दौरान गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों सहित अन्य बिंदुओं पर भी गहन जांच कर रही है।इसी घटनाक्रम के दौरान एक किशोरी के लापता होने की भी बात सामने आई है।

जानकारी के अनुसार प्रमोद पंडित, ग्राम दरुआरा, थाना नूरसराय, जिला नालंदा की लगभग 17 वर्षीय बहन पूजा के दौरान मंदिर आने के क्रम में लापता हो गई थी। इस संबंध में दीपनगर थाना में अलग से प्राथमिकी दर्ज की गई है।

किशोरी के भाई प्रमोद पंडित ने आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनकी बहन को दरुआरा गांव निवासी राजू कुमार के 17 वर्षीय पुत्र द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। पुलिस द्वारा आवेदन में दिए गए मोबाइल नंबर सहित अन्य तकनीकी माध्यमों से जांच करते हुए किशोरी की बरामदगी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं पर जांच जारी है।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP1920010111025250432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# डीपीएस पब्लिक स्कूल हिलसा में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेले का हुआ आयोजन




हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विज्ञान, कला और नवाचार से जुड़े विभिन्न मॉडल और प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को देखकर उपस्थित अतिथि, अभिभावक और शिक्षक काफी प्रभावित हुए।


कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने वाले छात्र-छात्राएं ही जीवन में आगे बढ़कर बड़ी सफलता हासिल करते हैं। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडल और प्रोजेक्ट न केवल सराहनीय थे, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक भी साबित हुए।

प्रदर्शनी में छात्रों ने सोशल मीडिया का महत्व, जल-जीवन-हरियाली, चंद्रयान, जैविक खेती, सोलर सिस्टम,स्मार्ट सिटी, वर्षा जल संचय और कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। इसके अलावा स्मार्ट सिटी, पवन चक्की, स्मार्ट विद्यालय, रेलवे स्टेशन, स्मार्ट मोहल्ला, जल स्रोत तथा विभिन्न मंदिर, मस्जिद और चर्च के मॉडल भी प्रदर्शित किए गए, जिन्हें लोगों ने काफी सराहा।

कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक विजय भास्कर, समाजसेवी आशुतोष कुमार मानव तथा प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सहित कई शिक्षाविदों और अभिभावकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।बाल मेले के दौरान पाक कला में रुचि रखने वाले बच्चों ने गोलगप्पा, समोसा, आलू चाट, दही बड़ा और विभिन्न प्रकार के जूस के स्टॉल लगाए, जहां लोगों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।










# Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

## Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

**Material Partner:** REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.




### Modular Kitchen

✓ Cabinets, shutters, drawers



### TV Unit & Wall Panels

✓ Modern design, storage



### Wardrobes & Closets

✓ Sliding, swing, loft, drawers



### Bathroom Vanities

✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar

# 23 माह से मानदेय नहीं मिलने पर खाद्य निगम के डाटा ऑपरेटर हड़ताल पर गए




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राज्य खाद्य निगम की नालंदा इकाई में कार्यरत डाटा ऑपरेटरों ने 23 माह से मानदेय भुगतान नहीं होने के विरोध में बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के कारण निगम कार्यालय और सरकारी गोदामों में अनाज उठाव सहित कई विभागीय कार्य प्रभावित हो गए हैं।

हड़ताल पर बैठे डाटा ऑपरेटरों ने बताया कि वे वर्ष 2014 से निगम में कार्यरत हैं और अल्प मानदेय पर लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद पिछले 23 महीनों से उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। कर्मियों का आरोप है कि इस अवधि में 18 महीनों के मानदेय में अनियमितता और घोटाले की आशंका भी है, जिसे लेकर कई बार विभाग को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।

हड़ताल में शामिल कन्हैया कुमार, रवि नंदन प्रसाद, राहुल कुमार, महेश सिंह, रमाकांत कुमार, अजीत कुमार, आनंद कुमार सहित अन्य कर्मियों ने बताया कि इतने लंबे समय तक वेतन नहीं मिलने से उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है, लेकिन विभाग उनकी समस्या की अनदेखी कर रहा है।

नालंदा जिले में कुल 26 डाटा ऑपरेटर कार्यरत हैं और सभी ने काम ठप कर विरोध जताया है। हड़ताल के कारण गोदामों से अनाज उठाव की प्रक्रिया प्रभावित होने लगी है, जिससे वितरण व्यवस्था पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।विभागीय अधिकारियों ने बताया कि डाटा ऑपरेटरों की हड़ताल की सूचना वरीय अधिकारियों को भेज दी गई है। एजेंसी के माध्यम से मानदेय भुगतान की प्रक्रिया शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं हड़ताली कर्मियों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक बकाया मानदेय का भुगतान नहीं होगा, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

# मघड़ा मंदिर भगदड़ में मृत महिला के परिजनों से मिले धर्मेंद्र चौहान, एक आश्रित को सरकारी नौकरी की मांग



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। मघड़ा स्थित शीतला मंदिर में हुई भगदड़ की घटना में जान गंवाने वाली अति पिछड़ा समाज की महिला देवंती देवी के परिजनों से मिलने अति पिछड़ा अनुसूचित जाति जनजाति विकास मंच के संयोजक सह जिला बीस सूत्री सदस्य धर्मेंद्र चौहान इस्लामपुर प्रखंड के मोजफरा गांव पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें धैर्य एवं साहस बंधाया तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि देवंती देवी परिवार की कमाऊ सदस्य थीं और उनकी आय से ही पूरे घर का भरण-पोषण होता था। उनके असामयिक निधन से परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और भुखमरी की स्थिति पैदा होने की आशंका है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि देवंती देवी के दो पुत्रों में से एक को सरकारी नौकरीदी जाए, ताकि परिवार का भरण-पोषण सुचारु रूप से हो सके और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा घोषित दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि को भी शीघ्र पीड़ित परिवार तक पहुंचाने की मांग की। साथ ही उन्होंने बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा इस्लामपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए आपदा राहत राशि एवं पारिवारिक लाभ योजना की राशि उपलब्ध कराकर पीड़ित परिवार को संबल देने का कार्य किया है।

इस दौरान मंच के महासचिव जनार्दन चौधरी भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।






# अखंड कीर्तन के लिए महमदपुर में निकली भव्य कलश यात्रा, श्रद्धालुओं में उत्साह



नगरनौसा (अपना नालंदा)। प्रखंड के महमदपुर गांव में 24 घंटे के अखंड कीर्तन के आयोजन को लेकर बुधवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस धार्मिक यात्रा में गांव की लगभग डेढ़ सौ महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे गांव में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला।


कलश शोभायात्रा के लिए श्रद्धालुओं ने पटना जिले के फतुहा स्थित त्रिवेणी गंगा घाट से गंगाजल लाया। इसके बाद ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में गंगाजल भरा गया। श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए देवीस्थान पहुंचे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कलश यात्रा का समापन हुआ।


पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि गांव और समाज में सुख-समृद्धि, शांति और मानव कल्याण की कामना से 24 घंटे का अखंड कीर्तन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से लोगों में आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है और समाज में आपसी एकता व भाईचारा मजबूत होता है।

उन्होंने बताया कि अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद पूरे विधि-विधान के साथ हवन और पूजा कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। श्रद्धालुओं का मानना है कि अखंड कीर्तन से मन, शरीर और आत्मा को शांति मिलती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में हर तरफ खुशी और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। कार्यक्रम में राज किशोर प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, सतीश कुमार, राजाराम, रंजीत कुमार, फंटूश कुमार, रॉकी कुमार, पवन कुमार, आदित्य कुमार, रिशु कुमार, अरविंद प्रसाद, रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।












# मंत्री श्रवण कुमार बोले राजगीर स्टेडियम से नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा भारतीय हॉकी

विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर स्थित अंतरराष्ट्रीय स्तर के भव्य स्टेडियम में 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 के आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह आयोजन बिहार और विशेष रूप से राजगीर के लिए ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि देश के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 30 टीमों के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं, जिससे खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का बड़ा मंच मिलेगा।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन भारतीय हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी सरदार सिंह की देखरेख में किया जाएगा, जिन्हें आगे अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजगीर का यह स्टेडियम अब देश के खेल मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है।

उन्होंने बताया कि इसी स्टेडियम में वर्ष 2024 में एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी और 2025 में एशियन पुरुष हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का सफल आयोजन हुआ था। इन प्रतियोगिताओं में भारत की महिला



टीम ने चीन को हराकर और पुरुष टीम ने दक्षिण कोरिया को पराजित कर खिताब जीता था। इन सफल आयोजनों के लिए बिहार सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा खिलाड़ियों को दी गई बेहतर सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था की देश ही नहीं बल्कि एशिया के कई देशों में सराहना हुई।

मंत्री ने कहा कि हॉकी हमारे देश का गौरवशाली खेल है और इस तरह के आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह चैंपियनशिप केवल एक टूर्नामेंट नहीं बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करने का महत्वपूर्ण मंच है।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# फारस की खाड़ी में बदलती ताकत की बिसात, अमेरिका पर भारी पड़ता ईरान

इतिहास की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि युद्ध के मैदान में जब बंदूकें खामोश होने लगती हैं, तब झूठ के नगाड़े सबसे जोर से बजते हैं। आज फारस की खाड़ी के तपते पानी में जो कुछ घट रहा है, वह किसी हॉलीवुड थ्रिलर से कम नहीं है, लेकिन इस पटकथा का अंत वैसा नहीं है जैसा वॉशिंगटन के व्हाइट हाउस में बैठकर लिखा गया था। युद्ध में कौन जीत रहा है और कौन हार रहा है, इसे आंकने का पैमाना कभी भी मिसाइलों की संख्या या मलबे का ढेर नहीं होता। इसका सबसे सटीक पैमाना यह है कि शांति की भीख सबसे पहले किसने मांगी। आज जब हम अप्रैल 2026 की दहलीज पर खड़े हैं, तो दुनिया देख रही है कि जिस ईरान को प्रतिबंधों की बेड़ियों में जकड़कर घुटनों पर लाने का दावा किया गया था, वह आज तनकर खड़ा है और दुनिया का स्वयंभू थानेदार अब एग्जिट गेट की तलाश में हाथ-पांव मार रहा है।

इस पूरी कहानी को समझने के लिए हमें थोड़ा पीछे मुड़कर साल 2025 के उस 'ऑपरेशन सिंदूर' को देखना होगा, जिसने उपमहाद्वीप के सैन्य इतिहास को हमेशा के लिए बदल दिया। भारत ने जब अपनी सीमा पार कर आतंकवाद के फनों को कुचला, तो वह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक संदेश था। वह संदेश यह था कि शक्ति प्रदर्शन चीखने-चिल्लाने से नहीं, बल्कि सटीक प्रहार से होता है। पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम जब ताश के पत्तों की तरह ढह रहा था और भारतीय विमान आकाश में अपनी मर्जी से चित्रकारी कर रहे थे, तब रावलपिंडी के जनरलों ने पहली बार शांति का राग अलापा था। वह हार की तड़प थी जिसे जीत के पदकों के पीछे छिपाने की नाकाम कोशिश की गई। आसिम मुनीर का खुद को 'फील्ड मार्शल' घोषित कर देना वैसा ही था जैसे कोई डूबता हुआ आदमी खुद को समंदर का राजा कह दे।

लेकिन गड्ढे झूठ नहीं बोलते। सैटेलाइट की तस्वीरों ने वह सच दुनिया के सामने रख दिया था जिसे पाकिस्तान की पीआर मशीनरी दबाना चाहती थी।

आज मिडिल ईस्ट के रणक्षेत्र में डोनाल्ड ट्रंप वही गलती दोहरा रहे हैं जो कभी पाकिस्तानी जनरलों ने की थी। 28 फरवरी को जब ईरान के शीर्ष नेतृत्व पर हमला हुआ, तो अमेरिका को लगा कि तेहरान ताश की गड्डी की तरह बिखर जाएगा। लेकिन वे भूल गए कि जिस देश ने 40 साल से प्रतिबंधों की आग में खुद को तपाया हो, उसके लिए मिसाइलों की गड़गड़ाहट किसी उत्सव से कम नहीं होती। ईरान ने पलटवार किया और ऐसा किया कि पूरे मध्य पूर्व में फैले अमेरिकी अड्डों की सुरक्षा की कलई खुल गई। आज होर्मुज स्ट्रेट बंद है। दुनिया की रगों में दौड़ने वाला तेल अब ईरान की मर्जी का मोहताज है। वह देश जो कल तक दूसरे देशों को सुरक्षा की गारंटी बेचता था, आज अपने ही सैनिकों की जान बचाने के लिए उन रास्तों को ढूंढ रहा है जो तेहरान तक जाते हों।

ट्रंप का आज का अंदाज बिल्कुल मई 2025 के पाकिस्तान जैसा है। कैमरों के सामने आकर वे अपनी जीत के कसीदे पढ़ रहे हैं, ट्रुथ सोशल पर कैप्स लॉक में अपनी ताकत का बखान कर रहे हैं, लेकिन जमीन की हकीकत उनके दावों का मजाक उड़ा रही है।

जब आप हार रहे होते हैं, तो आपकी भाषा में अहंकार और हताशा का एक अजीब मिश्रण घुल जाता है। अमेरिका आज पाकिस्तान के जरिए ईरान को 15 सूत्रीय प्रेम पत्र भेज रहा है, लेकिन तेहरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी सेल्समैन से बात नहीं करेगा। ईरान की शर्तें साफ हैं होर्मुज पर उसका नियंत्रण होगा, अमेरिकी फौजें इलाका खाली करेंगी और नुकसान की भरपाई वॉशिंगटन को करनी होगी। ये शर्तें किसी हारे हुए राष्ट्र की नहीं, बल्कि उस खिलाड़ी की हैं जिसने सामने वाले की पूरी बिसात उलट दी है।

# जहानाबाद में गेहूं अधिप्राप्ति का शुभारंभ, किसानों को मिलेगा उचित समर्थन मूल्य



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत गेहूं अधिप्राप्ति का विधिवत शुभारंभ बुधवार को सहकारिता विभाग सह वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने जहानाबाद सदर प्रखंड के किनारी गांव स्थित पैक्स गोदाम से किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक मात्रा में गेहूं पैक्स और व्यापार मंडल के माध्यम से बेचने की अपील की।

मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि जहानाबाद जिले में गेहूं अधिप्राप्ति का लक्ष्य 1970 क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से 15 जून 2026 तक किसानों से भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद की जाएगी। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा और उन्हें आर्थिक रूप से लाभ होगा।

उन्होंने बताया कि विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था के तहत बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसके अलावा भारतीय खा निगम को भी राज्य के चिन्हित प्रखंडों में गेहूं खरीद की जिम्मेदारी दी गई है। क्रय केंद्रों पर खरीदे गए गेहूं की गुणवत्ता की जांच कर उसे निर्धारित गोदामों में सुरक्षित रखा जाएगा। बाद में इस गेहूं का उपयोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जन वितरण प्रणाली के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में किया जाएगा।

इस मौके पर सहकारिता विभाग के अपर सचिव अभय कुमार सिंह, मगध सहकारिता बैंक के अध्यक्ष विनय कुमार, संयुक्त निबंधक सहकारिता गया प्रमंडल विद्या भूषण मिश्र, संयुक्त निबंधक अंकेक्षण के.के. शर्मा, जिला सहकारिता पदाधिकारी नेश गोल्ड, जहानाबाद जिले के सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, अंकेक्षण पदाधिकारी, पैक्स अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जहानाबाद में गैस आपूर्ति की समीक्षा, जमाखोरी और अफवाहों पर सख्त निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की स्थिति को देखते हुए संभावित प्रभावों की समीक्षा के लिए बुधवार को सचिव (व्यय), वित्त विभाग सह प्रभारी सचिव जहानाबाद श्रीमती रचना पाटिल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी और गैस एजेंसी संचालक मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में जिला पदाधिकारी ने प्रभारी सचिव का पौधा देकर स्वागत किया।

बैठक में मुख्य रूप से घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जहानाबाद जिले में वर्तमान में 6088 एलपीजी गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। पहले जहां गैस वितरण का बैकलॉग 3.1 दिन का था, वह अब घटकर 2.9 दिन रह गया है। गैस एजेंसियों ने बताया कि जिले में प्रतिदिन लगभग 3 हजार गैस बुकिंग हो रही है, जबकि एजेंसियों द्वारा रोजाना 1500 से 2000 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। फिलहाल 17041 सिलेंडर की पेंडेंसी बनी हुई है।प्रभारी सचिव रचना पाटिल ने निर्देश दिया कि मानव संसाधन और अन्य सुविधाएं बढ़ाकर मांग और आपूर्ति के अंतर को जल्द कम किया जाए। उन्होंने एजेंसियों को सिलेंडर वितरण की तिथि और अगली आपूर्ति से संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपभोक्ताओं के ई-केवाईसी को बढ़ावा देने के लिए वीडियो क्लिप बनाकर सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया।बैठक में यह भी बताया गया कि एलपीजी से संबंधित शिकायतों के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06114-223013 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है।

# बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, केस वापस लेने को लेकर हुई फायरिंग

थरथरी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के नटायचक और भातु बिगहा गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने अचानक गंभीर रूप ले लिया और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल शत्रुधन सिंह ने मामले को लेकर थरथरी थाना में 12 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

बताया जाता है कि बच्चों के बीच हुई कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के परिजन आमने-सामने आ गए और विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। इस दौरान शत्रुधन सिंह को चोटें आईं, जिसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की।आरोप है कि घटना के बाद देर रात आरोपित पक्ष के कुछ लोग गांव में पहुंचकर फायरिंग करने लगे और पीड़ित पक्ष पर केस वापस लेने का दबाव बनाने का प्रयास किया। फायरिंग की घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया और लोग भयभीत हो गए।घटना की सूचना मिलते ही थरथरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। तनाव को देखते हुए पुलिस ने रात भर गांव में कैंप कर स्थिति पर नजर रखी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और प्राथमिकी में नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा विश्वविद्यालय में दक्षिण-पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र की स्थापना, बढ़ेंगे भारत-आसियान संबंध






संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा विश्वविद्यालय ने 31 मार्च को अपने परिसर में दक्षिण-पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र (सीएसईएएस) की स्थापना कर अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस केंद्र के शुभारंभ के साथ ही विश्वविद्यालय ने भारत और आसियान देशों के बीच शैक्षणिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में नई पहल की है। विशेष बात यह रही कि इस केंद्र का उद्घाटन विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के सफल समापन के तुरंत बाद किया गया, जिससे इस अवसर का महत्व और बढ़ गया।

दक्षिण-पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र की स्थापना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस घोषणा का परिणाम है, जो उन्होंने अक्टूबर 2025 में आयोजित 22वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के दौरान की थी। इस पहल का उद्देश्य भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच ज्ञान, संस्कृति और शोध के क्षेत्र में गहरे सहयोग को बढ़ावा देना है।

इस केंद्र का उद्घाटन भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ राजनयिक तथा यूनाइटेड किंगडम में भारत के उच्चायुक्त पेरियासामी कुमरन ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत और आसियान देशों के बीच संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय को इस दिशा में एक सशक्त मंच बताते हुए कहा कि यह केंद्र ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग को नई दिशा देगा।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई प्रमुख हस्तियां भी मौजूद रहीं। इनमें मलेशिया के उप प्रधानमंत्री दातो सेरी अहमद जाहिद हमीदी, भारत में तिमोर-लेस्ते के पहले निवासी राजदूत कार्लिटो नुन्स, वियतनाम की उप विदेश मंत्री गुयेन मिन्ह हैंग, कंबोडिया के विदेश मंत्रालय के राज्य सचिव सोखोन प्राक तथा लाओ पीडीआर के उप विदेश मंत्री फोंगसावन सिसौलाथ शामिल थे। इनके साथ ही भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और नालंदा विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारी भी समारोह में उपस्थित रहे।

नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कहा कि यह केंद्र भारत की "एक्ट ईस्ट नीति" को एक मजबूत शैक्षणिक और बौद्धिक आधार प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि यह केंद्र दक्षिण-पूर्व एशिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर शोध और अध्ययन को बढ़ावा देगा तथा दोनों क्षेत्रों के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगा।

उन्होंने कहा कि दक्षिण-पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र के माध्यम से संस्कृति, अर्थव्यवस्था, शासन व्यवस्था, समुद्री अध्ययन और सांस्कृतिक विरासत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही यह केंद्र नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के लिए एक साझा मंच के रूप में कार्य करेगा, जहां क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर संवाद और विचार-विमर्श किया जा सकेगा।

प्राचीन काल में नालंदा विश्वविद्यालय विश्व का प्रमुख ज्ञान केंद्र माना जाता था, जहां विभिन्न देशों से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे। नई पहल उसी गौरवशाली परंपरा को आधुनिक संदर्भ में आगे बढ़ाने का प्रयास है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह केंद्र आने वाले समय में भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच शैक्षणिक सहयोग, सांस्कृतिक संवाद और क्षेत्रीय साझेदारी को नई गति प्रदान करेगा।


# अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर-घोसी मुख्य सड़क मार्ग पर रोहीण पर और मुरगांव गांव के बीच बुधवार को एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए इस्लामपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई।

मृतक की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मिल्की महुअरी गांव निवासी स्वर्गीय जयपाल यादव के 25 वर्षीय पुत्र उपेंद्र कुमार के रूप में की गई है। वहीं हादसे में घायल सुनील कुमार का इलाज इस्लामपुर सरकारी अस्पताल में चल रहा है।परिजनों के अनुसार उपेंद्र कुमार अपने साथी सुनील कुमार के साथ बाइक से इस्लामपुर बाजार से अपने घर मिल्की महुअरी लौट रहे थे। इसी दौरान रोहीण पर और मुरगांव गांव के बीच तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

# यूपीएससी में 16वीं रैंक लाकर मोनिका बनी आईएएस, गांव में रामायण पाठ और आशीर्वाद समारोह



पटना (अपना नालंदा)।उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के खड़सरा गांव स्थित श्रीवास्तव सदन में यहां की प्रतिभाशाली बेटी मोनिका श्रीवास्तव द्वारा देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में 16वीं रैंक हासिल करने के उपलक्ष्य में रामायण पाठ का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। धार्मिक वातावरण के बीच लोगों ने मोनिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही एक भव्य आशीर्वाद समारोह का भी आयोजन किया गया, जहां क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर मोनिका को बधाई दी।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि मोनिका की सफलता बेटियों के लिए एक मजबूत संदेश है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सिकंदरपुर के विधायक जियाउद्दीन रिजवी ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि मोनिका ने बलिया का मान देशभर में बढ़ाया है।

गांव के बुजुर्गों और युवाओं का कहना है कि मोनिका की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों के लिए यह एक उदाहरण है कि सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं। इस अवसर पर चाचा सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता संतोष श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, पिता ई. ब्रजेश श्रीवास्तव, मामा - संपादक कमल किशोर, श्रीराम अम्बष्ठ, ई. शेखर श्रीवास्तव, अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, ई. संजीव श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में परिजन, शुभचिंतक, ग्रामीण मौजूद रहे।

# नक्सलवाद समाप्ति की ओर देश, केंद्र सरकार दृढ़ संकल्पित : सांसद कौशलेंद्र कुमार

संजय कुमार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा के लोकसभा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने लोकसभा में नियम 193 के तहत वामपंथी उग्रवाद पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सरकार ने उग्रवाद के खिलाफ प्रभावी रणनीति अपनाई है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

सांसद कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2010 में देश में वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी 1936 हिंसक घटनाएं हुई थीं, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या घटकर दिसंबर तक मात्र 222 रह गई। उन्होंने कहा कि पहले जहां देश के 106 जिले उग्रवाद से प्रभावित थे, वहीं अब केवल कुछ ही जिलों में छिटपुट घटनाएं देखने को मिल रही हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जैसे कुछ जिलों में ही उग्रवाद की गंभीर गतिविधियां शेष रह गई हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार की राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना 2015 के तहत उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। 600 से अधिक अतिरिक्त पुलिस स्टेशनों का निर्माण, सड़कों और बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया गया है। आदिवासी बहुल जिलों में 179 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोले गए हैं, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ जल योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से लाखों लोगों को लाभ मिला है।

सांसद ने कहा कि बिहार में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास योजनाओं के माध्यम से उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार के प्रयासों से देश जल्द ही नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त होगा।

# वर्तमान समय में महावीर के उपदेश और भी अधिक प्रासंगिक : प्रो सुनीता सिन्हा



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा भगवान महावीर जयंती के अवसर पर बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा, मुख्य अतिथि डॉ. ध्रुव कुमार, विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रभाष कुमार तथा विभागाध्यक्ष डॉ. श्रद्धा कुमारी सहित कई शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन सत्य, अहिंसा और आत्मसंयम का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महावीर के विचार और उपदेश मानव समाज के लिए और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

मुख्य अतिथि डॉ. ध्रुव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महावीर स्वामी का अनेकांतवाद आज के वैचारिक संघर्षों और मतभेदों के समाधान का प्रभावी मार्ग दिखाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से सत्य, अहिंसा, सहिष्णुता, करुणा और नैतिक मूल्यों को अपनाने की अपील की।

विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रभाष कुमार ने भगवान महावीर के दार्शनिक चिंतन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने त्याग, तप और साधना के माध्यम से मानवता को नई दिशा दी। वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. श्रद्धा कुमारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दर्शनशास्त्र विभाग का उद्देश्य केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना भी है।

कार्यक्रम में स्नातकोत्तर की छात्रा जाह्नवी कुमारी, रानी कुमारी, चंदन कुमार, देवा कुमार, सतीश कुमार और वर्षा कुमारी सहित यूजी व पीजी के कई छात्र-छात्राओं ने महावीर स्वामी के जीवन और शिक्षाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मगध जोन अंडर उन्नीस मुकाबले में नवादा ने नालंदा को हराया

विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी में बुधवार को बिहार क्रिकेट संघ के घरेलू सत्र 2025-26 के बीसीए मेंस अंडर 19 वनडे ट्रॉफी मगध जोन का मुकाबला नवादा और नालंदा के बीच पावापुरी खेल मैदान में खेला गया। इस मुकाबले में नवादा की टीम ने नालंदा को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की।



टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए नालंदा की टीम 37.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी। नालंदा की ओर से सौरव ने 29 रन, विनीत ने 26 रन, तेज प्रताप ने 18 रन, अंकित सौरव ने 16 रन, आरव ने 14 रन तथा अभिनव ने 11 रन का योगदान दिया।

नवादा की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए अमन ने 28 रन देकर 6 विकेट झटके। वहीं अंश ने 38 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि सत्या और साहिल ने एक-एक विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए नवादा की टीम ने 27 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। नवादा की ओर से सुरज ने 37 रन, हर्ष ने 31 रन, सुभास ने 21 रन, इशू ने 20 रन, विक्रम, ने 21 रन तथा अमर ने 12 रन का योगदान दिया। नालंदा की ओर से गेंदबाज अरुणेश वर्मा ने 32 रन देकर 3 विकेट तथा तेज प्रताप ने 51 रन देकर 2 विकेट लिए।

मैच में शानदार गेंदबाजी के लिए नवादा के अमन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन नालंदा के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, सचिव गोपाल कुमार सिंह, पूर्व सचिव सैयद मोहम्मद जावेद इकबाल, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, संयुक्त सचिव संजीव कुमार, नवादा के सचिव मनीष आनंद, डॉ संजय, संतोष पांडेय, हैदर अली, सिद्धार्थ कुमार बाबा, बिक्रम सोलंकी, दीपक प्रसाद, विश्वजीत कुमार, अभिषेक कुमार सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# दीपनगर स्टेडियम में खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी स्टेट लीग का भव्य समापन, विजेता टीमों को मिला सम्मान




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ के दीपनगर स्टेडियम में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी फुटबॉल स्टेट लीग (अंडर-15 एवं अंडर-18) का समापन समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। 30 मार्च से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में नालंदा के जेल अधीक्षक अभिषेक कुमार पांडे उपस्थित रहे। उनके साथ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव डॉ. पंकज कुमार ज्योति, पेंचक सिलाट एसोसिएशन नालंदा के उपाध्यक्ष संजय कुशवाहा तथा रग्बी इंडिया के डेवलपमेंट मैनेजर शत्रुजीत दलई भी मंच पर मौजूद रहे।

अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे:

अंडर-18 (महिला वर्ग): विजेता – नालंदा, उपविजेता – भोजपुर, तृतीय स्थान – मुजफ्फरपुर।

अंडर-15 वर्ग: विजेता – पटना, उपविजेता – नवादा, तृतीय स्थान – नालंदा।

मुख्य अतिथि अभिषेक कुमार पांडे ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के साथ उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए रग्बी बिहार के संरक्षक तथा ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया।रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव डॉ. पंकज कुमार ज्योति ने कहा कि बिहार में रग्बी खेल तेजी से आगे बढ़ रहा है और खिलाड़ियों का प्रदर्शन इसका प्रमाण है। वहीं शत्रुजीत दलई और संजय कुशवाहा ने भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर वरीय उपसमाहर्ता एवं जिला खेल पदाधिकारी नालंदा आलोक चंद चौधरी, शेखपुरा रग्बी सचिव विशाल सिंह, पेंचक सिलाट एसोसिएशन नालंदा के कोषाध्यक्ष ऋषिकेश कुमार, संयुक्त सचिव सतीश कुमार, नवादा के सचिव विक्रम कुमार, पंचम सिंह हिंदू सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

साथ ही शारीरिक शिक्षक ओमपाल कुमार, विपिन कुमार, सुनील कुमार, अनामिका कुमारी, विभा कुमारी, निभा कुमारी, विवेक कुमार और निशांत कुमार सहित अन्य लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में रेफरी एवं तकनीकी टीम की भूमिका मधुलिका तिवारी, दीपक कुमार, सौरभ कुमार, कुणाल कर्ण, प्रदीप, रितेश रंजन और राजू कुमार ने निभाई।

अंत में रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के महासचिव रेंसी राकेश राज ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, कोच, रेफरी और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सकी। उन्होंने भविष्य में भी खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई।

अगर चाहें तो मैं इस खबर के लिए 4–5 और ज्यादा आकर्षक वेबसाइट/यूट्यूब हेडिंग भी बना सकता हूँ, जिससे आपकी खबर ज्यादा क्लिक हो।



# भाजपा का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न, संगठन मजबूती पर दिया गया जोर



नगरनौसा (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत नगरनौसा मंडल में आयोजित दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण शिविर मंडल के बोधि बिगहा गांव स्थित एक निजी परिसर में आयोजित किया गया था।

शिविर के दौरान संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।वक्ताओं ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया और कहा कि भाजपा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के विकास हेतु अनेक योजनाएं चलाई जा रहीहैं। कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे इन योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं और पार्टी को और मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करते हैं।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराना तथा उन्हें प्रभावी रूप से समाज तक पहुंचाने के लिए तैयार करना है, ताकि कुशल और सक्रिय कार्यकर्ताओं का निर्माण हो सके।यह भी बताया गया कि भाजपा द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाते हैं, जहां मंडल के कार्यकर्ता एक विचारधारा के तहत संगठित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। प्रशिक्षण के दौरान सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर गहन चर्चा की जाती है, जिससे कार्यकर्ता समाज में पार्टी की विचारधारा और कार्यशैली को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकें।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, आशुतोष कुमार, सुधीर कुमार, चंडी ग्रामीण मंडल प्रभारी सतीश कुमार, मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय, वर्ग संचालक प्रणव देव आनंद, जिला मीडिया सह प्रभारी अभिषेक भारती, जिला आईटी सेल संयोजक अमित कुमार, कृष्णा प्रसाद, राज श्री, मंडल महामंत्री अमरजीत कुमार सिंह, युवाध्यक्ष पिंटू कुमार, अरुण कुमार सहित सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बहादुरपुर के अमन को मैट्रिक बोर्ड परिक्षा में 463 अंक, समारोह आयोजित कर लोगों ने किया सम्मानित



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत प्रखंड के सरथा पंचायत अंतर्गत बहादुरपुर गांव के छात्र अमन विराट ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में 500 में से 463 अंक प्राप्त कर अपने गांव और पंचायत का नाम रोशन किया है। अमन कल्याण बिगहा हाई स्कूल के छात्र हैं। उनके पिता किसान हैं जबकि माता गृहिणी हैं। अमन अपने परिवार में दो बहनों के बीच इकलौते भाई और सबसे बड़े हैं।

अमन ने बताया कि उन्होंने नियमित रूप से सेल्फ स्टडी के साथ-साथ हरनौत बाजार स्थित गुरुकुल कोचिंग सेंटर में भी पढ़ाई की, जिसका परिणाम आज सामने आया है। उनकी इस उपलब्धि पर बुधवार को हरनौत बाजार के गोगीपर मोहल्ले में स्थित एक निजी मैरेज हॉल में गुरुकुल कोचिंग सेंटर द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह 2026 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरनौत नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने अमन विराट को फूलों की माला, मेडल, कॉपी-कलम, बैग तथा शील्ड देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उपस्थित छात्रों से कहा कि मेधावी छात्र अमन से प्रेरणा लेकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए।कोचिंग संचालक राजेश कुमार ने बताया कि अमन के अलावा कुल 16 विद्यार्थियों को समारोह में सम्मानित किया गया। इनमें मौसम कुमारी (444 अंक), पवन कुमार (438 अंक) और अमित कुमार (402 अंक) प्रमुख हैं।कार्यक्रम का संचालन सोराडीह के शिक्षक शंकर कुमार ने किया। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि शिशुपाल कुमार, समाजसेवी विन्नी, सानू, सुरज, अनिरुद्ध, गोविंदा, शांतनु, मिक्की, हिमांशु, मनीषा, अविनाश, पल्लवी, खुशी समेत कई छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ अभियान शुरू, सड़क और नालों से हटेगा अवैध कब्जा

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ नगर निगम ने शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से "अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ-2026" अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न इलाकों में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के साथ-साथ दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई और दंड राशि की वसूली भी की जाएगी।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार शहर में कई स्थानों पर मकान और भवनों की पहुंची निकाल कर, स्ट्रीट लाइन के आगे दुकानदारों द्वारा सड़क पर कब्जा कर, नालों और सड़कों पर अतिक्रमण कर आवागमन में बाधा उत्पन्न की जा रही है। अभियान के तहत ऐसे सभी प्रकार के अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा।इस कार्य को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए नगर निगम स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा, जिसमें संबंधित पदाधिकारी और कर्मी आवश्यक उपकरणोंके साथ मौजूद रहेंगे। यह टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी।

नगर निगम ने विशेष रूप से मछली मंडी से आनंद पथ होते हुए कुशवाहा धर्मशाला तक स्मार्ट सिटी बिहारशरीफ द्वारा नव निर्मित सड़क और नाले के दोनों ओर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। बताया गया कि कई लोगों ने नगर निगम की अनुमति के बिना ही इन स्थानों पर कब्जा कर लिया है।नगर निगम प्रशासन ने सभी अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे स्वयं अपने स्तर से अवैध अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा अभियान के दौरान नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही नागरिकों से शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में सहयोग की अपील की गई है।

# हरेका में श्रमिक संगठनों ने काला दिवस मनाकर जताया श्रम संहिताओं का विरोध

हरिओम कुमार



हरनौत (अपना नालंदा)। केंद्र सरकार द्वारा लागू चार नए श्रम संहिताओं के विरोध में बुधवार को हरनौत स्थित सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना (हरेका) परिसर में श्रमिक संगठनों ने संयुक्त रूप से काला दिवस मनाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने बाहों पर काली पट्टी बांधकर सरकार के फैसले के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया।

श्रमिक संगठनों के नेताओं ने कहा कि नई श्रम संहिताएं श्रमिक विरोधी और नियोक्ता समर्थक हैं, जिससे कर्मचारियों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वक्ताओं ने कहा कि देशभर की ट्रेड यूनियनें लगातार इन श्रम संहिताओं का विरोध कर रही हैं और सरकार से इन्हें वापस लेने की मांग कर रही हैं।

कर्मचारियों ने बताया कि 'फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे' तथा मान्यता प्राप्त यूनियन ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन (ईसीआरईयू) के आह्वान पर एक अप्रैल को पूरे देश में जहां-जहां कर्मचारी ड्यूटी पर थे, वहीं काला दिवस मनाया गया। हरेका परिसर में सुबह करीब साढ़े सात बजे टाइम ऑफिस गेट के पास कर्मचारी एकत्र हुए और काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने चार श्रम कानूनों को रद्द करने, नई पेंशन योजना (एनपीएस) और यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने, रेलवे के निजीकरण पर रोक लगाने तथा रिक्त पदों पर शीघ्र बहाली करने की मांग उठाई।

मौके पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन के सचिव राजीव रंजन कुमार, फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे के अध्यक्ष रमेश कुमार और सचिव समीर कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# बस टिकट घोटाले पर कार्रवाई, चालक और संवाहक निलंबित

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) की डीलक्स बस में टिकट नहीं देने और राजस्व हड़पने के मामले में अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चालक और संवाहक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

पटना प्रमंडल क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जारी कार्यालय आदेश संख्या 24/26 के अनुसार 26 मार्च 2026 को पटना से बिहारशरीफ आ रही बस संख्या बीआर 01 पीआर-9316 में एक यात्री से किराया लेने के बावजूद टिकट नहीं दिया गया था। हरनौत निवासी यात्री श्रवण लाल ने ऑनलाइन 30 रुपये किराया भुगतान किया था, लेकिन संवाहक ने टिकट उपलब्ध नहीं कराया।

यात्री द्वारा टिकट की मांग करने पर चालक ने अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी भी दी थी। इसके बाद यात्री ने पूरे मामले की शिकायत साक्ष्यों के साथ ईमेल के माध्यम से परिवहन निगम को भेजी थी।

जांच में पाया गया कि उक्त बस में उस दिन बाह्य स्रोत चालक राहुल कुमार और बाह्य स्रोत संवाहक मृत्युंजय कुमार ड्यूटी पर थे। दोनों पर यात्री के साथ दुर्व्यवहार करने और सरकारी राजस्व की चोरी करने का आरोप सही पाया गया। इसके बाद विभाग ने दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




**अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर अपने व्यवसाय को दे नई पहचान**

## नालन्दा की जनता की आवाज

*अपने क्षेत्र की खबर भेजने ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।*

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251